AADHAAR

DAINIK TRIBUNE, Delhi, 12.7.2017

Page No. 1, Size:(4.41)cms X (12.91)cms.

सभी बैंकों में मिलेगी आधार बनाने की सुविधा

नयी दिल्ली (एजेंसी) : आधार कार्ड बनाने से लेकर उसमें किसी भी तरह का अपडेट करने संबंधी काम अब जल्द ही बैंकों में हो सकेंगे। सरकारी के साथ ही प्राइवेट बैंकों में भी यह सुविधा उपलब्ध होगी। ये बैंक अपने ग्राहकों को ही आधार संबंधी सेवाएं देंगे। गौर हो कि वित्त मंत्रालय ने 1 जून को नोटिफिकेशन जारी किया था कि सभी बैंख खातों से आधार नंबर लिंक होना जरूरी है।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सीईओ अजय भूषण पांडेय का कहना है कि अधिकांश बैंकों ने आधार से खाते को लिंक करने की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई है, लेकिन बड़ी संख्या में लोग ऐसे भी हैं, जिनके आधार अपडेट नहीं हैं। किसी को पता बदलवाना है तो किसी को फोटो अपडेट करवाना है। इसे देखते हुए नियम बनाया जा रहा है कि सभी बैंकों को अपने परिसर में आधार कार्ड बनवाने या अपडेट करवाने की सुविधा देना होगी।